
Email:samachar.indore@gmail.com, Website: www.indoresamachar.net
RNI No. 1533/57, Dak Reg.: MP/IDC/91/2024-2026




इन्दौर समाचार के पितृपुरुष स्व. श्री सुरेश सेठजी

# इन्दौर समाचार

वर्ष 85 अंक-7 | इन्दौर, शुक्रवार 28 मार्च 2025 | पृष्ठ 12+8 मूल्य 5 रुपए

**चाणक्य नीति**

जिस प्रकार सभी पर्वतों पर मणि नहीं मिलती, सभी हाथियों के मस्तक में मोती उत्पन्न नहीं होता, सभी वनों में चंदन का वृक्ष नहीं होता. उसी प्रकार सज्जन पुरुष सभी जगहों पर नहीं मिलते हैं। चाणक्य



# मप्र का पारा 40° पार: हिमाचल और जम्मू-कश्मीर में बर्फबारी होगी

**नई दिल्ली/भोपाल/जयपुर (एजेंसी)।** राजस्थान समेत पश्चिम राज्यों से आ रही गर्म हवाओं ने मध्य प्रदेश का पारा बढ़ा दिया है। बुधवार को प्रदेश के कई हिस्सों में गर्मी का असर देखने को मिला।

6 जिलों में पारा 40 डिग्री पार पहुंच गया। राजधानी भोपाल में इस सीजन में पहली बार तापमान 38.8 डिग्री पर पहुंचा, जो सामान्य से 3.3 डिग्री अधिक है। इधर राजस्थान में भी बुधवार को अधिकतम तापमान 41 डिग्री सेल्सियस को पार कर गया। हालांकि, एक्टिव पश्चिमी विक्षोभ के चलते सीमावर्ती जिलों में तेज आंधी के साथ हल्की बारिश होने की संभावना है। जिससे तापमान में 2 से 4 डिग्री सेल्सियस तक की गिरावट देखने को मिल सकती है। मौसम विभाग ने आज गुरुवार को जम्मू-कश्मीर और हिमाचल प्रदेश के कुछ इलाकों में हल्की बारिश-बर्फबारी का अलर्ट जारी किया है। वहीं, दिल्ली-हरियाणा समेत 10 राज्यों में तूफान की आशंका है। इन राज्यों में 30-40 KM की रफ्तार से हवा चल सकती है। हल्की बारिश भी हो सकती है। वहीं, उत्तर प्रदेश और राजस्थान में गर्मी रहेगी।



### इस साल 10-12 दिन हीटवेव का अलर्ट, हरियाणा-पंजाब पर असर

मौसम विभाग के मुताबिक, इस साल उत्तर-पश्चिम भारत के राज्यों में हीटवेव के दिनों की संख्या लगभग दोगुनी रहेगी। इन राज्यों में पंजाब, हरियाणा, दिल्ली, राजस्थान, उत्तर प्रदेश के नाम हैं। आमतौर पर यहां हीटवेव 5-6 दिन चलती है, इस बार 10-12 दिन चल सकती है। मौसम वैज्ञानिक सोमा सेन रॉय ने कहा- पश्चिमी भारत और मध्य भारत में सामान्य से थोड़े अधिक हीटवेव की स्थिति रहने की आशंका हैं। साल 2024 में देश में सबसे ज्यादा गर्म साल दर्ज किया गया था। 28 फरवरी को मौसम विभाग ने मार्च से मई 2025 के लिए हीट आउटलुक जारी किया था। इसमें चेतावनी दी गई थी कि देश के अधिकांश हिस्सों में अधिकतम और न्यूनतम तापमान सामान्य से अधिक रहेगा।

### देश के हीटवेव प्रोन स्टेट में 13 राज्य शामिल

आमतौर पर देश के 13 प्रदेशों को हीटवेव प्रोन स्टेट माना जाता है। इस लिस्ट में राजस्थान, पंजाब, हरियाणा, चंडीगढ़, दिल्ली, पश्चिम मध्य प्रदेश, उत्तर प्रदेश, छत्तीसगढ़, ओडिशा, महाराष्ट्र में विदर्भ, गंगा के तटवर्ती पश्चिम बंगाल के कुछ हिस्से, तटीय आंध्र प्रदेश और तेलंगाना शामिल हैं। आमतौर पर कोर हीटवेव जोन यानी CHZ में मार्च से जून तक भीषण गर्मी पड़ती है। कई बार जुलाई महीने में भी हीटवेव और लू चलने की आशंका रहती है। साल 2024 में अप्रैल में पश्चिम बंगाल में बीते 15 साल में और ओडिशा में बीते 9 साल में हीटवेव वाले दिनों की संख्या सबसे ज्यादा रही थी। ओडिशा में भी साल 2016 के बाद से 2024 में अप्रैल में सबसे ज्यादा 16 दिन तक हीटवेव चली थी।

**यूका कचरे के ट्रायल रन से कोई नुकसान नहीं**

# अब पीथमपुर में ही 72 दिन में जलाएंगे पूरा कचरा

**इन्दौर (नप्र)।** पीथमपुर में यूनियन कार्बाइड के जहरीले कचरे के निष्पादन के ट्रायल रन से किसी तरह का नुकसान सामने नहीं आया है। मध्यप्रदेश सरकार ने गुरुवार को ट्रायल रन की स्टेटस रिपोर्ट हाईकोर्ट में पेश की। इसमें बताया गया है कि ट्रायल रन पूरी तरह सफल रहा है। अभी तक करीब 270 किलो प्रति घंटे की दर से कचरा जलाया जा रहा है। इसकी रिपोर्ट भी पूरी तरह से सक्सेसफुल रही है। सरकार ने कोर्ट को बताया कि अगर इसी स्पीड से कचरा जलाया जाता है तो आगामी 72 दिनों में पूरा कचरा जल दिया जाएगा। सुनवाई के दौरान हाई कोर्ट ने राज्य सरकार को 72 दिनों में जहरीला कचरा जलाकर रिपोर्ट कोर्ट में प्रस्तुत करने के आदेश दिए हैं। हाई कोर्ट ने सरकार को यह भी आदेश दिए हैं कि जहरीला कचरा जलाने के मामले में नियमों का पूरी तरह से पालन हो और किसी भी तरह की लापरवाही ना बरती जाए। वहां रहने वालों को किसी तरह की परेशानी नहीं होनी चाहिए। हाई कोर्ट ने सुनवाई के दौरान यह भी कहा कि केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड और मध्य प्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड की निगरानी में यह पूरा कचरा जलाना चाहिए। इधर आपत्तिकर्ता की ओर से भी कोर्ट में वकील पेश हुए जिन्होंने सरकार की रिपोर्ट पर सहमति जताई है। याचिकाकर्ता की ओर से हाईकोर्ट में पेश हुए एडवोकेट खालिद फखरुद्दीन ने कहा कि मामले की अगली सुनवाई अब जून में है।



### मुंबई एयरपोर्ट के टॉयलेट में मिला नवजात का शव

**मुंबई (एजेंसी)।** छत्रपति शिवाजी महाराज अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर मानवता को शर्मशार करने के साथ ही दिल दहला देने वाली एक घटना सामने आई है। एयरपोर्ट के वॉशरूम में रखे कूड़ेदान से एक नवजात शिशु का शव बरामद किया गया है। इस घटना के सामने आने के बाद मुंबई पुलिस और एयरपोर्ट की सुरक्षा एजेंसियां जांच में जुट गई हैं। पुलिस यह पता लगाने की कोशिश कर रही है कि नवजात को डस्टबिन में किसने फेंका।





# अधजले नोट वाले एरिया को पुलिस ने किया सील

**मामले में कानूनी सलाह ले रहे जस्टिस यशवंत वर्मा**

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** दिल्ली हाईकोर्ट के जस्टिस यशवंत वर्मा ने इन-हाउस जांच समिति के सामने पेश होने से पहले वरिष्ठ वकीलों कानूनी सलाह ली है. सीनियर एडवोकेट सिद्धार्थ अग्रवाल, मेनका गुरुस्वामी, अरुंधति काटजू और तारा नरूला ने जस्टिस वर्मा से उनके लुटियंस दिल्ली स्थित निवास पर मुलाकात की. इस दौरान जस्टिस वर्मा ने उनसे कानूनी राय मांगी. बता दें कि जस्टिस यशवंत वर्मा के आवास से कथित तौर पर जली हुई नकदी बरामद हुई थी. यह तेजी से भारत में लोकप्रिय हो रहा है और डॉक्टर भी इसके असर से हैरान हैं। यह डिवाइस नसों के दर्द और सुन्नता को कम करने के लिए एक अनोखे तरीके से काम करता है। उच्चतम न्यायालय द्वारा नियुक्त तीन सदस्यीय इन-हाउस समिति के इस सप्ताह जस्टिस वर्मा से मुलाकात कर सकती है. शीर्ष न्यायालय द्वारा गठित समिति ने मंगलवार को जस्टिस वर्मा के आवास (30, तुगलक क्रेसेंट) का निरीक्षण किया था. पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश शील नागू, हिमाचल प्रदेश हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश जी एस संधावालिया और कर्नाटक हाईकोर्ट की न्यायमूर्ति अनु शिवरामन करीब 30-35 मिनट तक जस्टिस वर्मा के आवास के अंदर रहे थे।

## ईद से पहले इंडोनेशिया में ट्रेन-कार की टक्कर में 4 लोगों की मौत



**जकार्ता (एजेंसी)।** इंडोनेशिया के मध्य जावा प्रांत के सुकोहार्जो रीजेंसी में बुधवार को एक ट्रेन और कार में टक्कर होने के कारण चार लोगों की मौत हो गई और तीन अन्य घायल हो गए। अधिकारियों ने बताया कि यह दुर्घटना पासरंगुटर स्ट्रीट पर एक रेलवे क्रॉसिंग पर हुई। इंडोनेशिया की सरकारी रेलवे कंपनी पीटी केरेटा एपी इंडोनेशिया के परिचालन क्षेत्र 06 के जनसंपर्क समन्वयक फेनी नोविदा सारागीह ने बताया कि सभी पीड़ितों को तुरंत डीकेआर सुकोहार्जो अस्पताल ले जाया गया। सारागीह ने शिन्हुआ को बताया, सभी हताहत कार में सवार लोग थे। सुकोहार्जो रीजेंसी के पुलिस प्रमुख अंगैगिटो हादी प्रबोवो ने बताया, दुर्घटना में चार लोगों की मौत हो गई और तीन अन्य घायल हो गए।

# ट्रंप ने फोड़ा टैरिफ बम!



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने ऐलान किया है कि अमेरिका में इंपोर्ट होने वाली सभी विदेशी कारों पर 25% टैरिफ लगाया जाएगा. साथ ही अमेरिकी राष्ट्रपति ने यह भी स्पष्ट कर दिया है कि यह टैरिफ का फैसला स्थायी है. ट्रंप ने कहा कि अमेरिका उन सभी कारों पर प्रभावी रूप से 25त्न टैरिफ लगाएगा जो देश में नहीं बनी हैं. उन्होंने कहा, लेकिन यदि आप अपनी कार अमेरिका में बनाते हैं तो उस पर कोई टैरिफ नहीं लगेगा. ये नया इंपोर्ट ड्यूटी लगाने का फैसला 2 अप्रैल से लागू होगा और 3 अप्रैल से इसकी वसूली शुरू हो जाएगी. ट्रंप ने ओवल ऑफिस में एक कार्यक्रम के दौरान कहा, 'हम उन सभी कारों पर 25 प्रतिशत शुल्क लगाने जा रहे हैं जो अमेरिका में नहीं बनी हैं.' उन्होंने यह भी कहा कि यह नीति घरेलू उत्पादन को बढ़ावा देगी और यदि कारें अमेरिका में बनाई जाती हैं तो उन पर कोई शुल्क नहीं लगेगा. यह तेजी से भारत में लोकप्रिय हो रहा है और डॉक्टर भी इसके असर से हैरान हैं। यह डिवाइस नसों के दर्द और सुन्नता को कम करने के लिए एक अनोखे तरीके से काम करता है।

## एयरपोर्ट पर यात्री के प्राइवेट पार्ट में मिला सोना

**जयपुर (एजेंसी)।** जयपुर के इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर एक बार फिर गोल्ड तस्कर का मामला सामने आया है। करीब 70 लाख के गोल्ड पेस्ट को आरोपी यात्री के प्राइवेट पार्ट से रिकवर किया गया है। डायरेक्टरेट ऑफ रेवेन्यू इंटेलिजेंस (ष्ठक्रढ्ढ) की टीम ने गुरुवार (27 मार्च) सुबह आरोपी यात्री के साथ गोल्ड स्मगलिंग के मास्टरमाइंड को भी दबोचा है। सूत्रों के अनुसार एजेंसी के हाथ लगे मास्टरमाइंड तस्कर अजय फगोड़िया से पूछताछ में कई बड़े खुलासे होने की संभावना है। डीआरआई के अधिकारियों के पास जानकारी थी कि एयर अरेबिया से आ रहा एक पैसेंजर गोल्ड की स्मगलिंग कर रहा है। सऊदी अरब की राजधानी रियाद से जयपुर पहुंची फ्लाइट के गेट जैसे ही खुले एजेंसी की टीम अलर्ट हो गई।

# अनंतपद्मनाभ स्वामी मंदिर के रक्षक के पुनर्जन्म की चर्चा!

**मौत के एक साल बाद फिर दिखने लगा शाकाहारी मगरमच्छ**

**कासरगोड।** भारत में कई धार्मिक स्थल ऐसे हैं, जहां चमत्कार और रहस्य की कहानियां जुड़ी होती हैं। केरल के कासरगोड स्थित श्री अनंतपद्मनाभ स्वामी मंदिर का बाबिया नामक मगरमच्छ भी ऐसी ही एक अद्भुत और अनोखी कथा का हिस्सा है। दशकों तक मंदिर की झील में रहने वाला यह मगरमच्छ न सिर्फ पूरी तरह शाकाहारी था, बल्कि भक्तों के लिए श्रद्धा और आस्था का प्रतीक भी बन गया था। मौत के एक साल बाद मंदिर के तालाब में फिर शाकाहारी मगरमच्छ दिखाई देने लगा है। मगरमच्छ अपनी आक्रामक प्रवृत्ति और मांसाहारी भोजन के लिए जाने जाते हैं, लेकिन बाबिया ने इस धारणा को पूरी तरह गलत साबित किया।



### बाबिया की रहस्यमयी कहानी

मंदिर से जुड़ी एक दंतकथा के अनुसार, 1945 में एक ब्रिटिश सैनिक ने मंदिर तालाब में एक मगरमच्छ को गोली मार दी थी। लेकिन कुछ ही दिनों बाद एक नया मगरमच्छ तालाब में प्रकट हो गया, जिसे बाद में बाबिया नाम दिया गया। इस घटना के बाद, भक्तों ने इसे दैवीय कृपा और मंदिर का आध्यात्मिक रक्षक मानना शुरू कर दिया।

### एक साल बाद फिर हुआ चमत्कार

बाबिया के निधन के एक साल बाद 2023 में मंदिर के तालाब में एक नया मगरमच्छ दिखाई दिया। यह घटना कई लोगों के लिए आश्चर्यजनक और रहस्यमयी थी। मंदिर प्रशासन के अनुसार, जब भी एक मगरमच्छ मरता है, तो जल्द ही दूसरा मगरमच्छ तालाब में आ जाता है। यह अब तक एक अनसुलझा रहस्य बना हुआ है। नए मगरमच्छ को भी बाबिया नाम दिया गया और कई श्रद्धालुओं ने इसे तालाब के पास स्थित एक गुफा में विश्राम करते हुए देखा।

## हाई कोर्ट के जजों पर भड़का वकील

**भोपाल।** मध्य प्रदेश हाई कोर्ट में हाल ही में सुनवाई के दौरान एक वकील ने कुछ ऐसा कह दिया जिसे सुनकर हर कोई चौंक गया। वकील ने कहा, इस कोर्ट में 4 घंटे से तमाशा चल रहा है। वकील ने परेशान किए जाने का दावा करते हुए कहा, यहां मामलों की पेंडेंसी बढ़ रही है और हमें हैरास किया जा रहा है। इसी के साथ उन्होंने जजों पर भी टिप्पणी की। उन्होंने कहा, जजेस का हाल तो देखो और दिल्ली में जो हुआ वे भी देखा जाए। वहीं कोर्ट ने इसे अवमानना बताते हुए जरूरी कार्रवाई करने की बात कही है। बार एंड बेंच की रिपोर्ट के मुताबिक जस्टिस अनुराधा शुक्ला की पीठ ने कहा कि वकील की टिप्पणी अपमानजनक और अवमाननापूर्ण थी।

# लखनऊ में आश्रय केंद्र के 4 बच्चों की मौत: खाना खाने के बाद 35 की तबीयत बिगड़ी, 20 गंभीर

**लखनऊ (एजेंसी)।**

लखनऊ में निर्वाण आश्रय केंद्र में 4 बच्चों की मौत हो गई। इनमें 2 बच्चियां हैं। यहां के 35 बच्चों को उल्टी-दस्त होने पर हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया था। 20 बच्चों की हालत अभी भी गंभीर है।

4 बच्चों की मौत की जानकारी मिलते ही प्रशासन में हडकंप मच गया। बुधवार रात 8 बजे डीएम विशाख जी लोकबंधु हास्पिटल पहुंचे। उन्होंने मामले की जांच के आदेश दिए हैं। गुरुवार सुबह 9 बजे कमिश्नर रोशन जैकब, प्रमुख सचिव लीना जौहरी और एक बार फिर डीएम लोकबंधु हॉस्पिटल पहुंचे। बच्चों से बातचीत की। कहा कि आश्रय केंद्र के पानी की जांच कराई जाएगी। बच्चों के बीमार होने की शुरुआती वजह फूड पॉइजनिंग बताई जा रही है। हालांकि, लोकबंधु अस्पताल के ष्टरूस् डॉ. राजीव दीक्षित ने बताया कि बच्चों में पानी की कमी थी। सभी में डायरिया के लक्षण मिले हैं। निर्वाण आश्रय केंद्र पारा इलाके के बुद्धेश्वर में बना है। यह सरकार की मदद से पीपीपी मॉडल पर संचालित होता है। मानसिक कमजोर यानी विमंदित अनाथ और लावारिस बच्चों को यहां रखा जाता है। अभी यहां 146 बच्चे हैं। ज्यादातर की उम्र 10 से 18 साल के बीच है।



### 23 मार्च को खाना खाने के बाद बिगड़ी तबीयत

निर्वाण आश्रय के कर्मचारियों ने बताया कि 23 मार्च की रात खाना खाने के बाद बच्चों की तबीयत बिगड़ने लगी। 23 मार्च से 26 मार्च के बीच 35 बच्चों को अलग-अलग अस्पताल ले जाया गया।अगले दिन यानी 24 मार्च को लोकबंधु अस्पताल में एक बच्ची दीपा (15) की मौत हो गई। जबकि बलरामपुर अस्पताल में सूरज (12) और ठाकुरगंज अस्पताल में शिवांक (15) की मौत हुई। हैरानी की बात यह है कि 24 मार्च को 3 बच्चों की मौत के बाद भी आश्रय स्थल का प्रशासन पूरी घटना को दबाए रहा।

### पत्नी के मायके जाते ही पिता ने कुल्हाड़ी से रेत डाला अपने चार मासूम बच्चों का बेरहमी से गला, फिर लगा ली फांसी

**लखनऊ (एजेंसी)।** शाहजहांपुर जिले में एक व्यक्ति ने अपने चार बच्चों की कथित तौर पर गला रेतकर हत्या कर दी और उसके बाद खुदकुशी कर ली। पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बृहस्पतिवार को घटना की जानकारी दी। उत्तर प्रदेश के शाहजहांपुर जिले से एक दिल दहला देने वाली वारदात सामने आयी है। जिले के मानपुर चचरी गांव में जब गांव वालों ने घर के आंगन में खून की धारे बहती हुई देखी तो वह बैचेन हो गये और भाग कर देखने चले गये की आखिर राजीव कुमार के घर में क्या हो गया है। चारों तरह हाहाकार मंच गया। पूरे गांव और आसपास के इलाकों में लोगों के अंदर खौफ बैठ गया। आइये जानते हैं कि पूरी वारदात क्या है? शाहजहांपुर जिले में एक व्यक्ति ने अपने चार बच्चों की कथित तौर पर गला रेतकर हत्या कर दी और उसके बाद खुदकुशी कर ली। पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बृहस्पतिवार को घटना की जानकारी दी। पुलिस अधीक्षक राजेश द्विवेदी ने बताया कि रोजा थाना क्षेत्र के मानपुर चचरी गांव के निवासी राजीव कुमार (36) ने घर में अपने ही चार बच्चों स्मृति (12), कीर्ति (नौ), प्रगति (सात) और ऋषभ (पांच) की पहले धारदार हथियार से गला रेतकर हत्या कर दी और दूसरे कमरे में फंदा लगाकर जान दे दी। द्विवेदी ने परिजनों से पूछताछ के हवाले से बताया कि बृहस्पतिवार सुबह सात बजे जब राजीव के घर का दरवाजा नहीं खुला तो उसके पिता छत पर चढ़कर जीने के रास्ते से घर के अंदर गए तब उन्हें घटना की जानकारी हुई और पुलिस को सूचना दी।